राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 6: मूल अर्थिक गतिविधियाँ

कार्यपत्रक-6

जैसा कि हम जानते हैं कि वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग से मानव की जरूरतें और चाहतें पूरी होती हैं। हालांकि,इन वस्तुओं और सेवाओं का पहले उत्पादन किया जाना आवश्यक है।आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन की इस प्रक्रिया को उत्पादन के रूप में जाना जाता है और इसमें विभिन्न चरणों में या एक ही समय में विभिन्न कारक शामिल होते हैं।और ऐसा नहीं है कि जो भी कुछ उत्पादन किया जाता है, वह तुरंत ही उपयोग में ले लिया जाएगा, वर्तमान उत्पादन का एक हिस्सा भविष्य के लिए हर साल मौजूदा स्टॉक में जोड़ने के लिए बचाया जाता है ताकि भविष्य में उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जा सके।इसलिए, जो भी उत्पादन किया जाता है उसका उपभोग या पूंजी निर्माण या दोनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस स्पष्टीकरण के आधार पर अपने आपको एक निर्माता मानते हुए नीचे दिए गए सवालों के जवाब दीजिये ।

1. एक वस्तु व एक सेवा की पहचान कीजिये जिसका आप उत्पादन करना और उपलब्ध कराना चाहते हैं।
2. उपर्युक्त चयनित वस्तु और सेवा के उत्पादन के लिए किन कारकों की आवश्यकता होगी?
3. उपर्युक्त पहचान किए गए कारकों में से कौन सा उत्पादन की प्रक्रिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण है? कारणों सहित स्पष्ट कीजिये ।
4. क्या उत्पादन के एक या अधिक कारकों की अनुपस्थिति में उत्पादन प्रक्रिया को पूरा करना संभव है?तर्क सहित उत्तर दीजिये।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 6: मूल अर्थिक गतिविधियाँ

कार्यपत्रक-6

5. क्या आप एक वस्तु का उत्पादन करने और एक सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक कारकों में कोई परिवर्तन देखते हैं? यदि हाँ, तो ये परिवर्तन क्या हैं और यदि नहीं, तो कारकों की आवश्यकता में कोई परिवर्तन क्यों नहीं है?

6. क्या वे कारक जो आपके द्वारा उत्पादन की प्रक्रिया में पहचाने और नियोजित किए गए थे, मुफ्त उपलब्ध हैं? यदि नहीं, तो आप नियोजित विभिन्न कारकों की भरपाई कैसे करेंगे? इस मुआवज़े को क्या कहा जाता है?

7. क्या उत्पादन एक बार की गतिविधि है या लगातार वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करना आवश्यक है? कारणों के साथ स्पष्ट कीजिये ।

नीचे एक छवि दी गई है जिसमें द्वि क्षेत्रीय अर्थ व्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह को दर्शाया गया है, जहां माल और सेवाएं एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जा रही हैं और उत्पादन के कारक दूसरे से पहले क्षेत्र में जा रहे हैं। दी गई छवि को ध्यान से देखें और उसके अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 6: मूल अर्थिक गतिविधियाँ

कार्यपत्रक-6



8. उपर्युक्त छवि में प्रवाह चक्रीय क्यों है? क्या यह एकतरफा हो सकता है, यदि हाँ तो कब? और यदि नहीं, तो क्यों? स्पष्ट कीजिये।

9. यहाँ उत्पादन के कारक का क्या अर्थ है? मजदूरी, किराया और लाभांश क्या दर्शाते हैं ?

10. क्या आप ऊपर दी गई छवि में किसी विशेषकारक-आय का अभाव पाते हैं? उस कारक और उस के कारक-आय की पहचान कीजिये ।